उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1787................ दिनांक /Date.:21:01:2020...

।। परीक्षा कार्यक्रम ।।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम निम्नानुसार है :–

क्र. सं.	वि0 सं0/पदनाम/पद कोड/विभाग का नाम	परीक्षा तिथि व दिवस	समय	परीक्षा
1-	वि0 सं0–10(सं0)/उ0अ0से0च0आ0/2018 पदनाम–वन आरक्षी,(पद कोड–102) विभाग का नाम–वन विभाग	16 फरवरी, 2020 (रविवार)	प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य (प्रथम पाली) अपराह्न 02:00 बजे से सांय 04:00 बजे के मध्य (द्वितीय पाली)	निर्धारित
2-	वि0 सं0–16/उ0अ0से0च0आ0/2017 पदनाम–उप निरीक्षक, पुलिस दूरसंचार (पद कोड–118), (पद कोड–119) विभाग का नाम–पुलिस दूरसंचार	23 फरवरी, 2020 (रविवार)	प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य	निर्धारित

नोटः– वन आरक्षी पद के लिए 1,56,044 अभ्यर्थी है इस बड़ी संख्या में अभ्यर्थी होने के कारण एक पाली में परीक्षा कराया जाना संभव नहीं हो सका है। परीक्षा केन्द्रों की अनुपलब्धता के कारण यह परीक्षा 02 पालियों में कराई जा रही है। दोनों पालियों में अलग–अलग प्रश्न पत्र होंगे। 02 प्रश्नपत्रों की परीक्षा के उपरांत इसका परिणाम नॉर्मलाइजेशन पद्वति से तैयार किया जायेगा जिससे 02 प्रश्नपपत्र की परीक्षा से अभ्यर्थियों को काई हानि न हो। प्रयोग की जाने वाले नॉर्मलाइजेशन पद्वति के संबंध में आयोग अलग से अभ्यर्थियों को जानकारी देगा।

आयोग द्वारा निर्धारित दूसरी परीक्षा पद कोड–118, पदनाम–रेडियों अनुरक्षण अधिकारी तथा पद कोड–119 पदनाम–रेडियों केन्द्र अधिकारी की सम्मिलित परीक्षा है क्योंकि राज्य सरकार द्वारा इन पदों को एकीकृत कर अब पदनाम–उपनिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार कर दिया गया है पूर्व में पद कोड–118 व पद कोड–119 दोनों को मिलाकर 30 पदों का विज्ञापन दिनांक 14 नवम्बर, 2017 को जारी किया गया था। ढांचे का पुर्नगठन करने के उपरांत पदों की संख्या 25 हो गयी है। इस संबंध में आयोग द्वारा दिनांक 14 जनवरी, 2020 को संशोधन विज्ञप्ति भी जारी की गयी थी जो आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर उपलब्ध है।

उक्त दोनों लिखित परीक्षाओं का पाठ्यकम पूर्व में ही आयोग वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है।

21/1/2020
(संतोष बडोनी)
सचिव।